मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 7 अंक 141
गुरुवार, 05 दिसम्बर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## महाराष्ट्र राज्यपाल से मिले फडणवीस, शिंदे और अजित पवार, सरकार बनाने का पेश किया दावा



**मुंबई, 04 दिसम्बर।** बीजेपी विधायक दल का प्रमुख चुने जाने के बाद देवेन्द्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने बुधवार को राजभवन में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। इन नेताओं ने राज्यपाल से मिलकर राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया। देवेन्द्र फडणवीस को बुधवार को सर्वसम्मति से महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया, जिससे उनके तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने का रास्ता साफ हो गया।

राज्यपाल से मुलाकात के बाद देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हमने राज्यपाल से मुलाकात की है और राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए समर्थन पत्र सौंपा है। राज्यपाल ने हमें कल शाम 5.30 बजे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया है। फडणवीस ने आगे कहा कि गठबंधन सहयोगी शिवसेना और एनसीपी ने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि उन्हें महायुति सीएम के रूप में शपथ दिलाई जाए और राज्यपाल ने सभी अनुरोधों को स्वीकार कर लिया और सभी को कल शाम 5.30 बजे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया।

उन्होंने कहा कि सीएम और डीसीएम के पद सिर्फ तकनीकी पद हैं। हम सब मिलकर महाराष्ट्र के लिए काम करेंगे। अन्य मंत्रियों पर फैसला आगामी बैठकों में लिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को दक्षिण मुंबई के विशाल आजाद मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में आयोजित होने वाले समारोह में शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे और राकांपा के अजित पवार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बुधवार को विधान भवन में हुई विधायक दल की बैठक में गुजरात के पूर्व सीएम और बीजेपी के केंद्रीय पर्यवेक्षक विजय रूपाणी ने घोषणा की कि फड़णवीस (54) को सर्वसम्मति से बीजेपी विधायक दल का नेता चुना गया है।

## याचिकाएं दाखिल करना परियोजनाओं को बाधित करने का घटिया तरीका : बंबई उच्च न्यायालय



**मुंबई, 04 दिसम्बर।** बंबई उच्च न्यायालय ने पुनर्विकास परियोजनाओं के खिलाफ गैर जरूरी याचिकाएं दायर करने के चलन की निंदा की और कहा कि यह परियोजनाओं को रोकने का सबसे घटिया तरीका बन गया है। न्यायमूर्ति ए एस गडकरी और न्यायमूर्ति कमल खता ने 67 वर्षीय एक व्यक्ति द्वारा दायर की गयी याचिका 12 नवंबर को खारिज कर दी। याचिकाकर्ता 83 साल पुराने एक बंगले में 1995 से बतौर किरायेदार रह रहा है। उच्च न्यायालय ने कहा कि उसे उम्मीद है कि यह गैर जरूरी एवं शरारतपूर्ण याचिकाएं दायर करने के विरूद्ध निवारक का काम करेगा। किरायेदारी के अधिकार का दावा करते हुए याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि मकान मालिक उसे किसी भी तरह और कपटपूर्ण तरीके से बेदखल करने का प्रयास कर रहा है। अदालत ने यह याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह पुनर्विकास के काम को बाधित करने के मकसद से दायर की गयी है जबकि बाकी सारे किरायेदार बंगले को खाली कर चुके हैं।अदालत के आदेश की प्रति बुधवार को उपलब्ध करायी गयी। पीठ ने कहा कि मुंबई के कांदिवली क्षेत्र में यह बबना बंगला 1940 में करीब 4400 वर्गमीटर क्षेत्र में बनाया गया था। उच्च न्यायालय ने कहा, यह संपत्ति मुंबई में महत्वपूर्ण स्थान पर है और उसमें काफी अधिक मौद्रिक संभावनाएं हैं। याचिकाकर्ता अच्छी तरह यह जानता है, इसलिए वह उक्त संपत्ति के पुनर्विकास में रोड़े अटकाने की कोशिश कर रहा है।

## मगरमच्छ के आंसुओं से नहीं होगा किसानों का हित, विपक्षी सांसदों पर भड़के धनखड़

**नई दिल्ली, 04 दिसम्बर।** राज्यसभा के सभापति और उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने बुधवार को किसान विरोध का मुद्दा उठाने की विपक्ष की मांग पर आपत्ति जताई और दावा किया कि वे इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने इस मांग को मगरमच्छ के आंसू करार दिया, जिससे विपक्षी नेताओं का एक वर्ग सदन से बाहर चला गया। सदन की बैठक शुरू होते ही धनखड़ ने कहा कि वह तमिलनाडु में चक्रवात, किसानों, अडानी समूह के खिलाफ आरोपों और उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा जैसे मुद्दों को उठाने के लिए चर्चा के लिए नोटिस स्वीकार नहीं कर सकते। विपक्ष ने मांग की कि किसानों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग पूरी की जानी चाहिए और इस मुद्दे पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। विपक्ष के अपनी मांग पर कायम रहने के बावजूद धनखड़ ने कहा कि विपक्ष केवल मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहा है और नाटक कर रहा है। मगरमच्छ के आंसुओं से किसानों का हित नहीं पूरा होगा। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र की शुरूआत के बाद से नियम 267 के तहत दायर कोई भी नोटिस किसानों के मुद्दों से संबंधित नहीं है।इसके बाद आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के विधायक नारेबाजी करते हुए सदन के वेल के पास जमा हो गए। कांग्रेस सदस्यों ने मंगलवार को धनखड़ की टिप्पणियों का हवाला देते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से पूछा कि क्या किसानों से कोई वादा किया गया था और इसे पूरा क्यों नहीं किया गया।

## हैदराबाद के रियल एस्टेट क्षेत्र में 29 प्रतिशत की वृद्धि: रेवंत रेड्डी



**तेलंगाना, 04 दिसम्बर।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि नकारात्मक प्रचार के बावजूद हैदराबाद के रियल एस्टेट क्षेत्र में इस साल अप्रैल से नवंबर तक लगभग 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

पिछले साल इस समय राज्य में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की सरकार थी। नगर प्रशासन और शहरी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के प्रमुख जी किशन रेड्डी को चुनौती दी कि अगर वह वास्तव में ईमानदार हैं तो राज्य के विकास के लिए केंद्र से धन लेकर आएं।

उन्होंने कहा, हैदराबाद में रियल एस्टेट क्षेत्र के प्रभावित होने का दावा करने वाले नकारात्मक प्रचार के बावजूद मैं तेलंगाना के लोगों को सूचित करना चाहता हूं कि एक अप्रैल, 2024 से 30 नवंबर, 2024 तक इस क्षेत्र में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में लगभग 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह हैदराबाद के विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर के बुनियादी ढांचे को पूरी तरह विकसित करने के लिए 1.50 लाख करोड़ रुपये की जरूरत है और उन्होंने भाजपा नेता से पूछा कि वह केंद्र से कितनी धनराशि प्राप्त कर सकते हैं। रेवंत रेड्डी ने यह भी चेतावनी दी कि हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति निगरानी एवं संरक्षण एजेंसी (हाइड्रा) उन लोगों के लिए बुरा सपना बन जाएगी, जिन्होंने नालों और झीलों पर अतिक्रमण किया है।




## महाकुम्भ में अनवरत मिलेगी बिजली पूर्वांचल डिस्कॉम की व्यापक तैयारी

- मेला क्षेत्र में 182 किमी एचटी लाइन एवं 1405 किमी एलटी लाइन का विस्तार, समस्त स्थानों पर वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध
- व्यावधान होने पर स्वचलित आरएमयू द्वारा 30 सेकण्ड में सामान्य होगी आपूर्ति

**सुरेश गांधी**



**वाराणसी।** प्रयागराज में 13 जनवरी 2025 से प्रारम्भ हो रहे आस्था व संस्कृति के प्रतीक महापर्व महाकुम्भ की तैयारियां अंतिम दौर में है। इसके लिए सुरक्षा के साथ निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति की भी व्यापक तैयारी की गयी है। पूर्वांचल डिस्कॉम अनवरत विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था की गयी है। महाकुम्भ के सफल आयोजन के लिए 182 किमी एचटी लाइन व 1405 किमी एलटी लाइन का निर्माण किया गया है। इसके अलावा 170 नग 11/0.4 केवी 400 केवीए उपकेन्द्र का निर्माण, 14 नग 11/04 केवी 250 केवीए उपकेन्द्र का निर्माण, 128 नग 11/0.4 केवी 100 केवीए उपकेन्द्र का निर्माण, 30 नग पान्टून ब्रिज पर विद्युतीकरण एवं एलईडी स्थापना का कार्य उपकेन्द्र का निर्माण, 67000 एलईडी स्ट्रीट लाइट की स्थापना एवं 425000 नग कैम्प कनेक्शन के कार्य कराये जा रहे हैं।45 दिवसीय सांस्कृतिक महापर्व महाकुम्भ के दौरान विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने हेतु समस्त स्थानों पर वैकल्पिक स्रोत सुनिश्चित किये गये हैं। जिनकी आपूर्ति विभिन्न 07 नग पारेषण उपकेन्द्रों एवं 14 नग 33/11 केवी उपकेन्द्रों के द्वारा की जायेगी। महत्वपूर्ण स्रोतों पर स्वचलित आरएमयू की स्थापना की गई है, जिससे विद्युत व्यवधान की दशा में मात्र 30 सेकेण्ड में विद्युत आपूर्ति सामान्य की जा सकेगी। इसके अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट हेतु वैकल्पिक स्रोत के रूप में महत्वपूर्ण 11/0.4 केवी उपकेन्द्रों पर डीजी सेट की स्थापना की गई है। महाकुम्भ में करोड़ों श्रद्धालुओं एवं आगुन्तकों की सुरक्षा के दृष्टिगत मेला क्षेत्र में समस्त एचटी और एलटी लाइनों की गार्डिंग एवं एचटी व एलटी पोल की अर्थिंग कराई गयी है। सभी प्रकार के संयोजन उचित क्षमता के एम०सी०वी० के साथ निर्गत किये जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त कैम्प में कंड्यूक्ट पाइप के माध्यम से ही वायरिंग कराई जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की शार्ट-सर्किट के कारण आग लगने की घटना पर रोक लगाई जा सके। साथ ही विद्युत सुरक्षा संबंधी सावधानियों के दिशा-निर्देश पम्पलेट का भी वितरण कराया जा रहा है। महाकुम्भ में नवीन प्रयोग के रूप में हाईब्रिड सोलर स्ट्रीट लाइट का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे ऊर्जा की खपत में कमी लायी जा सके। इसके अतिरिक्त आधारभूत संरचना संबंधी कार्यों को ससमय पूर्ण करने हेतु विद्युत तंत्र उपलब्ध न होने वाले स्थानों पर डी०जी० सेट से ऊर्जीकृत हाई मास्ट लाइट का प्रयोग किया जा रहा है। महाकुम्भ के दौरान मेला क्षेत्र के साथ-साथ शहरी क्षेत्र की निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु स्थायी कार्यों के अन्तर्गत 1 नग 2बाई10 एमवीए क्षमता का 33/11 के0वी0 न्यू बेली उपकेन्द्र का निर्माण, शहर के अति महत्वपूर्ण उपकेन्द्रों हेतु कुल 4 नग लिंक 33 केवी लाइन का निर्माण, 20 अतिभारित परिवर्तकों के स्थान पर विभिन्न क्षमता के 98 नग 11/04 केवी वितरण पारवतका की स्थापना की गयी है।






# स्वयंसेवक रचते हैं सेवा एवं संस्कृति के नये स्वस्तिक



-ललित गर्ग

## अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस 5 दिसंबर, 2024 पर विशेष

सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस 5 दिसंबर को प्रतिवर्ष दुनिया भर में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 17 दिसंबर, 1985 को स्वयंसेवक दिवस मनाने की घोषणा की। तब से, अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस संयुक्त राष्ट्र प्रणाली, सरकारों, नागरिक समाज संगठनों आदि द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाने लगा। यह दिवस उन लोगों और संगठनों का सम्मान करता है जो दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए अपना समय और ऊर्जा स्वेच्छा से देते हैं। स्वयंसेवकों को मान्यता देने के साथ-साथ, इस दिन का उद्देश्य परोपकार, सेवा एवं सहायता के रूप में स्वयंसेवा को बढ़ावा देना भी है। यह स्वयंसेवकों से जुड़े संगठनों और व्यक्तिगत स्वयंसेवकों को स्वयंसेवा को बढ़ावा देने, सरकारों को स्वयंसेवी प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित करने और स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की उपलब्धि में स्वयंसेवकों के योगदान को मान्यता देने का अवसर प्रदान करता है। पूरी दुनिया में 970 मिलियन स्वयंसेवक हैं। भले ही लाखों स्वयंसेवक हों, लेकिन दुनिया को हमेशा और अधिक की आवश्यकता है। आज देश एवं दुनिया के विभिन्न विश्वविद्यालयों में जिस स्वयंसेवक संगठन की उपयोगिता एवं सार्थकता की चर्चा है, जिसकी विलक्षणताओं एवं विशेषताओं पर शोध हो रहा है, वह है भारत का शताब्दी वर्ष मना रहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जो दुनिया सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है। संघ देश की सरकारों तथा गैर-सरकारी संस्थाओं को आर्थिक तथा सामाजिक विकास के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहन देने एवं राष्ट्रीय अस्तित्व एवं अस्मिता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का स्मरण कराता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत का एक दक्षिणपंथी, हिन्दू राष्ट्रवादी,



अर्धसैनिक, स्वयंसेवक संगठन हैं, जो भारत के सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी का व्यापक रूप से पैतृक संगठन माना जाता हैं। यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अपेक्षा संघ या आर.एस.एस. के नाम से अधिक प्रसिद्ध है। बीबीसी के अनुसार संघ विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संस्थान है। इसकी स्थापना सन् 27 सितंबर 1925 को विजयदशमी के दिन मोहिते के बाड़े नामक स्थान पर डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने की थी। संघ के 5 स्वयंसेवकों के साथ शुरू हुई विश्व की पहली शाखा आज 50 हजार से अधिक शाखाओ में बदल गई और ये 5 स्वयंसेवक आज करोड़ों स्वयंसेवकों के रूप में हमारे समाने हैं, जो स्वयं में एक विलक्षण एवं अद्भुत उदाहरण है। संघ आर्थिक असंतुलन, सांस्कृतिक उन्नयन एवं गरीबी को दूर करने एवं समतामूलक समाज की स्थापना के लिये प्रतिबद्ध है। राष्ट्र कई क्षेत्रों में प्रगति करने के बाद भी देश में गरीबी एक राक्षस के रूप में खड़ी है। जिस तरह हम विजयादशमी के दिन राक्षस रूपी पुतला का वध कर बुराई पर अच्छाई को स्थापित करने का संकल्प लेते हैं उसी तरह हमें इस गरीबी पर विजय पाने का प्रण लेना होगा। इसके लिए देश में सभी को नौकरी सरकार या निजी संस्थाएं दे नहीं सकती हैं। इसलिए हमें स्वरोजगार एवं स्व उद्यमिता पर जोर देना होगा। स्वदेशी जागरण मंच की ओर से स्वावलंबी भारत के लिये संघ प्रयासरत है। संघ की विचारधारा में राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, हिंदू राष्ट्र, राम जन्मभूमि, अखंड भारत, समान नागरिक संहिता जैसे विषय हैं, जो देशवासियों को देश की समरसता की ओर ले जाते हैं। 1975 के बाद से धीरे-धीरे इस संगठन का न केवल सामाजिक-सांस्कृतिक बल्कि राजनीतिक महत्व बढ़ता गया और इसकी परिणति भाजपा जैसे राजनीतिक दल के रूप में हुई जिसे आमतौर पर संघ की राजनीतिक शाखा के रूप में देखा जाता है। संघ की स्थापना के 75 वर्ष बाद सन् 2000 में प्रधानमन्त्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन की सरकार भारत की केन्द्रीय सत्ता पर आसीन हुई। इसके पश्चात 2014 एवं 2019 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री नेतृत्व इसकी सरकार बनी हैं। संघ का मूल उद्देश्य भारत को उसकी अपनी सभ्यता एवं संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में पहचान प्रदान करना है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संघ या आरएसएस के नाम से अधिक लोकप्रिय है। इसका मुख्यालय महाराष्ट्र के नागपुर में है। संघ के छोटे बड़े लगभग 55 स्वस्थ समाज निर्माण में जुटे संगठन एवं गतिविधियां हैं जो संसारभर में फैले हैं। महात्मा गाँधी ने 1934 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिविर की यात्रा के दौरान वहाँ पूर्ण अनुशासन, समर्पण देखा और छुआछूत की अनुपस्थिति पायी। इससे प्रभावित होकर उन्होंने संघ की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संसार का अकेला ऐसा संगठन है जिसमें आज तक भ्रष्टाचार, पदलिप्सा या अनैतिकता की स्थिति नहीं आई। इस समय संघ द्वारा करीब 25,028 सेवा-प्रकल्प चलाए जा रहे हैं। ये प्रकल्प देश के 30 प्रांतों में 11,498 स्थानों पर चल रहे हैं। ये सेवा कार्य भिन्न-भिन्न क्षेत्रों पर केन्द्रित हैं, जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक, आर्थिक विकास, कौशल विकास, गोसेवा आदि। भौगोलिक दृष्टि से 16,101 सेवा कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में, 4,266 वनवासी क्षेत्रों में, 3,412 सेवा बस्तियों में और शेष स्थानों पर 1,249 सेवा कार्य चल रहे हैं। संघर्षों से जूझने की क्षमता संघ को अपने उदयकाल से ही प्राप्त है। इसके सामने प्रारंभ से जैसी संघर्षपूर्ण परिस्थितियां रहीं है, साधारण व्यक्ति या संस्था उसके सामने टिकने का साहस नहीं कर पाता। किन्तु जिसकी जन्मघूटी के साथ ही अनुशासन, सहिष्णुता, संगठन, राष्ट्रीयता के संस्कार मिल जाये, वह कभी हार नहीं सकता।

अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस मनाते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थितियों का आकलन इस दिवस की सार्थकता को व्यक्त करता है। आरएसएस में स्वयंसेवक इस शब्द का अर्थ होता है- स्वेच्छा से काम करने वाला। संघ के विचारों को मानने वाले और नियमित तौर पर शाखा में जाने वाले लोगों को संघ का स्वयंसेवक कहा जाता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रमुख शैक्षणिक प्रवृत्ति एवं संगठनात्मक उपक्रम है विद्या भारती। जो आज 20 हजार से ज्यादा स्कूल चलाता है, लगभग दो दर्जन शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज, डेढ़ दर्जन कॉलिज, 10 से ज्यादा रोजगार एवं प्रशिक्षण संस्थाएं चलाता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को विश्व के सबसे बड़ा छात्र संगठन के रूप में भी जाना जाता है। विद्यार्थी परिषद का नारा है- ज्ञान, शील और एकता। स्वास्थ्य के क्षेत्र में संघ के कुल प्रकल्पों की संख्या 3,112 है। भारतीय किसान संघ की स्थापना 4 मार्च 1979 को राजस्थान के कोटा शहर में महान भारतीय तत्त्वचिंतक, आंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त मजदूर नेता श्री दत्तोपंतजी ठेंगडी ने भारतीय किसानों के उत्थान हेतु की। इस सम्पूर्ण संगठन के पीछे की मूल भावना यह है कि निहित स्वार्थों की जगह सामूहिक हित, राष्ट्रीयता की भावना, स्व-संस्कृति एवं स्व-पहचान को प्राथमिकता देना है। इतनी अकल्पित उपलब्धियों से भरा-पूरा संघ सम्पूर्ण राष्ट्र को एक नई शक्ति, नई ताजगी, नया विश्वास देने वाला है। इसकी सफलता में संघ के शीर्ष नेतृत्व के साथ-साथ कार्यकताओं, जन साधारण का उत्साह, हौसला एवं पुरुषार्थ का योग है। सुदृढ़ संगठन इसकी विरल विशेषता है, संगठन के क्षेत्र में ऐसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं है। यही कारण है कि आज संघ की तेजस्विता, वर्चस्विता एवं प्रखरता की चर्चा आम आदमी के मुंह पर है। सूरज की एक किरण को देखकर सूरज बनने का सपना संजोने वाला संगठन महान होता है। वह और अधिक महान होता है, जो सूरज बनने का सपना देखकर परिपूर्ण सूरज बन जाता है। शताब्दियों के बाद कोई-कोई संगठन ऐसा होता है। वह अपनी रोशनी से एक समूची परंपरा एवं संस्कृति को उद्भासित कर देता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ऐसा ही अनूठा स्वयंसेवी संगठन है। संघ का काम व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र निर्माण का है। व्यक्ति से समाज एवं समाज से राष्ट्र निर्मित होता है। प्रत्येक संघी यानी स्वयंसेवक समाज में आचरण में परिवर्तन लाने का प्रयास करते हैं। यह स्वावलंबी पद्धति से, सामूहिकता से चलने वाला काम है। आइए संघ के हाथों स्वयंसेवक परम्परा को इतना मजबूत और विश्वसनीय बनायें कि निर्माण का हर क्षण इतिहास बने। नये एवं सशक्त भारत का निर्माण हो, जिसका हर रास्ता मुकाम तक ले जाये। सबकी सबके प्रति मंगलभावनाएं मन में बनी रहे। आज देश ने राष्ट्रीयता के ईमान को, कर्त्तव्य की ऊंचाई को, संकल्प की दृढ़ता को और मानवीय मूल्यों को सुरक्षित रखने के लिये यशस्वी भारत एवं सशक्त भारत के रूप में स्वयंसेवक की इस परम्परा ने फिर आह्वान किया है। आओ, फिर एक बार जागें, अराष्ट्रीयता, संकीर्णता एवं स्वार्थ की दीवारों को ध्वस्त करें।

# भारत ही नहीं नेपाल में भी हो रही है हिन्दू राष्ट्र की मांग



अशोक भाटिया

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर बागेश्वरधाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री तथा कई हिंदूवादी नेता सभी इन दिनों भारत को हिन्दू राष्ट्र बनानें की बात कर रहे है । हालांकि कभी नेपाल ही एक मात्र ऐसा देश था जो अधिकारिक रूप से हिन्दू राष्ट्र था । लेकिन 2008 में राजशाही के नेपाल को भी धर्मनिरपेक्ष बना दिया गया । एक अनुमान के मुताबिक विश्व के करीब 52 से अधिक देशों में हिन्दू रहते है जिसमे भारत , नेपाल , फिजी , सूरीनाम और मारीशस में हिन्दू बहुसंख्यक है। अब भारत के पड़ोसी देश नेपाल में पिछले कुछ समय से धार्मिक तनाव बढ़ा है। यहां भारत की सीमा से लगे एरिया में कई हिंदू संगठन सक्रिय हैं और देश को फिर से हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग को लेकर अभियान चलाये जा रहे हैं। इन संगठनों में विश्व हिंदू परिषद और हिंदू स्वयं सेवक संघ बड़े नाम हैं। तराई क्षेत्र खासकर जनकपुर वाले हिस्से में इन संगठनों की सक्रियता ज्यादा नजर आ रही है और इनकी ओ? से की गईं ऐसी कई चीजें आपको दिखेंगी जो बताती हैं कि नेपाल को फिर से हिंदू राष्ट्र घोषित कराने के लिए यह लोग कितने सक्रिय हैं। पर बड़ा सवाल ये है कि आखिर धर्म निरपेक्ष से अचानक नेपाल 'हिंदू राष्ट्रवाद' की तरफ क्यों बढ़ने लगा ? इसको समझने के लिए पहले नेपाल के पुराने इतिहास को समझना जरुरी है। ईसा से करीब 1000 साल पहले नेपाल छोटी-छोटी रियासतों और कुलों के परिसंघों में बंटा था। गोरखा राजा पृथ्वी नारायण शाह ने 1765 में नेपाल की एकता की मुहिम शुरू की और 1768 तक इसमें सफल हो गए। यहीं से आधुनिक नेपाल का जन्म हुआ। राजवंश के पांचवे राजा राजेंद्र बिक्रम शाह के शासन काल में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने नेपाल की सीमा के कुछ इलाकों पर कब्जा किया। 1815 में लड़ाई छिड़ी, इसका अंत सुगौली संधि से हुआ।

1846 में राजा सुरेंद्र बिक्रम शाह के शासन काल में, जंग बहादुर राणा एक शक्तिशाली सैन्य कमांडर के रूप में उभरे। कुछ दिन बाद राजपरिवार ने उनके आगे घुटने टेक दिए और उन्हें प्रधानमंत्री बना दिया गया। इसके साथ ही इस पद को वंशानुगत मान लिया गया। 1923 में ब्रिटेन ने नेपाल के साथ एक संधि की और इसकी स्वतंत्रता को स्वीकार किया। 1940 के दशक में नेपाल में लोगों ने देश में लोकतंत्र की बहाली की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया। तब भारत की मदद से राजा त्रिभुवन बीर बिक्रम शाह नए शासक बने।

नेपाल के राजा ज्ञानेंद्र के समय में नेपाल में राजशाही के खिलाफ व्यापक आंदोलन शुरू हुआ। सन 1959 में राजा महेंद्र बीर बिक्रम शाह ने लोकतांत्रिक प्रयोग को समाप्त कर पंचायत व्यवस्था लागू की। 1972 में राजा बीरेंद्र बिक्रम शाह ने राजकाज संभाला। 1989 में लोकतंत्र के समर्थन में जन आंदोलन शुरू हुआ और राजा बीरेंद्र बीर बिक्रम शाह को सांवैधानिक सुधार स्वीकार करने पड़े। फिर मई 1991 में पहली बहुदलीय संसद का गठन हुआ। वहीं 1996 में माओवादी आंदोलन शुरू हो गया।

एक जून 2001 को नेपाल के राजमहल में हुए सामूहिक हत्या कांड में राजा, रानी, राजकुमार और राजकुमारियां मारे गए। अब राजा के भाई ज्ञानेंद्र बीर बिक्रम शाह ने फरवरी 2005 में राजा ज्ञानेंद्र ने माओवादियों के हिंसक आंदोलन के दमन के लिए सत्ता अपने हाथ में ली और सरकार को बर्खास्त कर दिया। नेपाल में एक बार फिर जन आंदोलन शुरू हुआ और अब राजा को सत्ता जनता के हाथों में सौंपनी पड़ी और यहां संसद को बहाल करना पड़ा। 28 मई 2008 में संसद ने एक विधेयक पारित करके नेपाल को धर्मनिरपेक्ष राज्य घोषित किया।

हाल ही में अन्य धर्मों की आबादी बढ़ते देख हिंदू संगठन अब यहां ज्यादा सक्रिय हो गए हैं। यही नहीं हर सरकार खुले या छिपे तौर पर नेपाल को हिन्दू राष्ट्र के तौर पर देखती है। नेपाली कांग्रेस में भी इसके समर्थन वाले लोग हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2018 में, 1,500 पार्टी प्रतिनिधियों में से लगभग आधे ने हिंदू राज्य के पक्ष में एक हस्ताक्षर अभियान चलाया। इसके अलावा नेपाल सेना के पूर्व जनरल रुकमंगुद कटावल ने 2021 में ₹हिंदू पहचान बहाल करने₹ के लिए एक हिंदू राष्ट्र स्वाभिमान जागरण अभियान शुरू किया। 20 हिंदू धार्मिक संगठनों ने मिलकर एक हिंदू राज्य की इच्छा जताई। नेपाल में 80 फीसदी हिन्दू और 10 ईसाई हैं पर यहां पिछले कुछ साल में धर्मांतरण के मामले बढ़े हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा समय में दक्षिण कोरिया और पश्चिम बंगाल के अंतर्राष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन धर्मांतरण में लगे हैं। अभी नेपाल में ईसाई आबादी तेजी से बढ़ी है। नेपाल में 2021 में हुई जनगणना की रिपोर्ट से पता चलता है कि यहां मुस्लिम आबादी लगातार बढ़ रही है । नेपाल के राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, मुताबिक, नेपाल में तब 2।367 करोड़ हिन्दू, जबकि मुस्लिम 23।945 लाख हैं । प्रतिशत के हिसाब से देखें तो नेपाल में अभी 81।19% हिन्दू हैं, दूसरे नंबर पर 8।21% अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म दूसरे नंबर पर हैं। मुस्लिम आबादी में यहां तेजी से इजाफा हो रहा है और इनकी जनसंख्या का प्रतिशत 5।09% है।वहीं, 1।76% ईसाई हैं। 2011 में हिन्दुओं की जनसंख्या 81।3% थी, मतलब हिन्दुओं की जनसंख्या 0।19% कम हुई है। वहीं बौद्ध समाज जनसंख्या का 9% हिस्सा था, इस हिसाब से बौद्धों की संख्या भी 0।79% कम हुई है। वहीं 2011 में मुस्लिम आबादी 4।4% थी जो 0।69% बढ़ी है। ईसाई पहले 0।5% ही थे, जो अब 1।26% ज्यादा हो गए हैं। अपने पिछले कार्यकाल के दौरान नेपाल के पीएम केपी ओली ने हिंदू राष्ट्रवादी भावना को खूब हवा दी। वह काठमांडू के पशुपतिनाथ मंदिर में पूजा करने वाले पहले कम्युनिस्ट प्रधानमंत्री थे। उन्होंने मंदिर को 2. 5 मिलियन डॉलर का सरकारी धन भी दान दिया था। ओली ने प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर आयोजित पूजा समारोह के बाद मैडी में राम की मूर्ति स्थापित की। दूसरी तरफ नेपाली कांग्रेस में भी कई ऐसे नेता हैं जो धर्मनिरपेक्षता के पक्ष में नहीं हैं। नेपाली कांग्रेस प्रमुख शेर बहादुर देउबा ही जब भारत आए थे तो यहां उन्होंने वाराणसी का दौरा किया, जो एक प्रमुख हिंदू धार्मिक स्थल है। इसी तरह वर्तमान प्रधान मंत्री पुष्प कमल दहल ने अपनी भारत यात्रा के दौरान उज्जैन के एक मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके अलावा नेपाल सेना के पूर्व जनरल रुकमंगुद कटावल ने 2021 में हिंदू पहचान बहाल करने₹ के लिए एक हिंदू राष्ट्र स्वाभिमान जागरण अभियान शुरू किया। लगभग उसी समय, अन्य 20 हिंदू धार्मिक संगठन ने एक हिंदू राज्य के रूप में नेपाल की स्थिति को बहाल करने के लिए देवघाट में एक संयुक्त मोर्चा बनाया। भारत में हिन्दुत्व कार्ड लगभग सभी पार्टियों द्वारा खेला जाना और फायदा मिलना भी एक कारण है कि नेपाल का हर नेता इस कॉनसेप्ट में विश्वास रखता है। इस बार जो अशांति का माहौल है और उसके लिए चीन की दखलअंदाजी को जिम्मेदार माना जा रहा है, जिसने पहले भी किसी सरकार को हिमालयी देश में स्थिर होने की इजाजत नहीं दी है और लगातार अड़चनें पैदा की हैं। इस सप्ताह की शुरूआत में, नेपाल में दंगा-रोधी पुलिस ने नेपाल के पूर्व राजा के हजारों समर्थकों को रोकने के लिए लाठियों और आंसू गैस का इस्तेमाल किया, जिन्होंने राजशाही की बहाली और देश की हिंदू राज्य की पूर्व स्थिति की मांग के लिए राजधानी के केंद्र तक मार्च करने का प्रयास किया था। प्रदर्शनकारी, राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए और पूर्व राजा ज्ञानेंद्र के समर्थन में नारे लगाते हुए, काठमांडू में एकत्र हुए और शहर के केंद्र की ओर बढ़ने का प्रयास किया। हालांकि, दंगा-रोधी पुलिस ने उन्हें रोक दिया और बांस के डंडों से पीटने के साथ ही आंसू गैस और पानी की बौछार की, जिसमें दोनों पक्षों को मामूली चोटें आईं।

समाचारों के अनुसार यह अशांति नेपाल में लगातार चीनी हस्तक्षेप के कारण ही है। उन्होंने एक भी सरकार को टिकने नहीं दिया। नेपाल के लोग बेचैन हैं क्योंकि यह चारों तरफ से दूसरे देशों की जमीन से घिरा देश है और बाकी दुनिया पर निर्भर है। स्थानीय जनता राजनीतिक दलों और राजनेताओं के भ्रष्ट आचरण के कारण पीड़ित हैं। अब वे चीन जाने को जाने के लिए मजबूर कर रहे हैं जो उनकी संस्कृति में फिट नहीं है। वहां की सरकार ने हवाई अड्डे और राजमार्ग चीन को बेच दिए गए हैं। स्थानीय जनता चाहती है कि नेपाल एक आदेश और नियंत्रण यानी उनके राजा के अधीन चले। वे एक हिंदू राज्य चाहते हैं, न कि ऐसा राज्य जो उपनिवेश के रूप में चीन के निकट हो।

बताया जाता है कि इस मुद्दे पर नेपाली जनता भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी सहयोग की उम्मीद लगाए बैठी है। और तो और बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के नेतृत्व में चल रही सनातन हिंदू एकता पदयात्रा पड़ोसी देश नेपाल से बड़ी संख्या में लोग हिस्सा लेने आए हैं। नेपाल से लगभग 2 हजार लोग इस यात्रा में शामिल हुए हैं। यात्रा में हिस्सा लेने वाले लोग जनकपुर धाम के साथ ही काठमांडू, लुंबिनी जैसे जगहों से भी आए हैं। यह सभी श्रद्धालु बागेश्वर धाम से ओरछा धाम तक पदयात्रा में चल रहे हैं। इन नेपाली लोगों का यात्रा में भाग लेने का मकसद नेपाल को हिन्दू राष्ट्र बनाने के साथ भारत को भी हिन्दू राष्ट्र के रूप में देखना चाहते है । नेपाल से आए एक श्रद्धालु के अनुसार सभी लोगों की बागेश्वर धाम में आस्था हैं। हम सभी हनुमान जी, माता सीता के अनन्य भक्त हैं। बागेश्वर धाम में लोगों की बहुत श्रद्धा है। सभी लोग यात्रा में पूरे उत्साह से हिस्सा ले रहे हैं। हम सब नेपाली टोपी पहनकर अपनी पहचान बता रहे हैं। अंतिम दिन तक हम सब इस यात्रा में हिस्सा लेंगे।

# वाहनों की पार्किंग के संकट से जूझते शहर



–डॉ सत्यवान सौरभ

भारत में वाहन पार्किंग की समस्या एक महत्त्वपूर्ण शहरी चुनौती है, जो न केवल यातायात के प्रवाह को प्रभावित करती है, बल्कि शहरी जीवन के मूल ढांचे को भी प्रभावित करती है। यह समस्या, तेजी से बढ़ते शहरीकरण, बढ़ते वाहन स्वामित्व और पुरानी शहरी नियोजन के संयोजन से उत्पन्न होती है, जो महानगरीय क्षेत्रों में यातायात प्रबंधन, शहरी नियोजन और जीवन की गुणवत्ता के लिए एक जटिल दुविधा पैदा करती है। शहरों के विस्तार और कार स्वामित्व के अधिक सुलभ होने के साथ, भारतीय शहरी केन्द्रों को वाहनों की बढ़ती संख्या को समायोजित करने में संघर्ष करना पड़ रहा है। पर्याप्त पार्किंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और आज के समय में वाहनों की संख्या के हिसाब से शहरों को डिजाइन न किए जाने के कारण बड़े पैमाने पर अवैध पार्किंग होती है। इससे न केवल सड़कें जाम होती हैं, बल्कि पैदल चलने वालों के लिए बनी जगह भी कम पड़ जाती है। कई भारतीय शहरों की स्थापना प्राचीन या औपनिवेशिक काल में हुई थी, लेकिन उनकी योजना आधुनिक यातायात की मांग को ध्यान में रखकर नहीं बनाई गई थी। संकरी गलियाँ और मिश्रित भूमि उपयोग के कारण पार्क किए गए और चलते वाहनों के भार से दबाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त, पार्किंग नियमों का ढीला-ढाला क्रियान्वयन तथा गैर-अनुपालन के प्रति सांस्कृतिक प्रवृत्ति स्थिति को और बिगाड़ देती है, जिससे शहरी स्थान अव्यवस्थित हो जाते हैं। पार्किंग की समस्या का सीधा परिणाम गंभीर यातायात भीड़ है, जिसके कारण यात्रा का समय बढ़ जाता है, प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है, तथा शहरी जीवन की गुणवत्ता में गिरावट आती है। पैदल चलने वालों को विशेष रूप से परेशानी होती है, क्योंकि पार्क किए गए वाहन अक्सर पैदल चलने के रास्तों पर अतिक्रमण कर लेते हैं, जिससे उन्हें मजबूरन सड़कों पर आना पड़ता है और उनकी सुरक्षा से समझौता होता है। आर्थिक दृष्टि से, पार्किंग की कमी स्थानीय व्यवसायों को प्रभावित करती है, क्योंकि भीड़भाड़ वाली सड़कें ग्राहकों को आकर्षित नहीं करती हैं। पार्किंग स्थल की उच्च मांग से अचल संपत्ति की लागत भी बढ़ जाती है, जिससे हरित स्थलों की कीमत पर पार्किंग अवसंरचना के विकास को बढ़ावा मिलने से शहरी विस्तार और पर्यावरण क्षरण को बढ़ावा मिलता है। भारत में मोटर वाहनों से सम्बंधित मामले केंद्र और राज्य दोनों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। हालांकि भारत के शहरों के लिए वाहनों की बढ़ती भीड़ एक उभरती हुई समस्या है, लेकिन ऑटोमोबाइल उद्योग पर प्रतिबंध लगने की कोई संभावना नहीं है, क्योंकि इसकी आर्थिक और रोजगार देने की क्षमता काफी ठीक है और यह भारत के लिए महत्त्वपूर्ण है। सभी पांच शहरों की पार्किंग नीतियाँ कुछ महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर सहमत होती दिखती हैं। वे इस बात पर एकमत हैं कि पार्किंग मुफ़्त नहीं हो सकती और जहाँ भी सार्वजनिक स्थान का उपयोग किया जाता है, वहाँ शुल्क लिया जाना चाहिए क्योंकि 'मुफ़्त पार्किंग' की अवधारणा टिकाऊ नहीं है।

**यह जरूरी नहीं है कि अच्छा सार्वजनिक परिवहन यातायात की भीड़ को काफी कम कर दे। भीड़भाड़ की स्थिति में सुधार करने के लिए, शहरों को निजी कारों के स्वामित्व और उपयोग के कार्यात्मक, मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक मूल्यों को लक्षित करने वाली गतिविधियों के साथ ही अपनी सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों को बेहतर बनाने के प्रयासों को मिलाकर काम करना होगा। वाहनों की भीड़ और अपर्याप्त पार्किंग सुविधाएँ भारत के बड़े और महानगरीय शहरों के लिए लगातार बड़ी हो रही चुनौतियाँ हैं, जिनकी वजह से गतिशीलता गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। संवैधानिक आदेशों की वजह से सीमित होने के बावजूद, कई भारतीय शहर पार्किंग नीतियों के माध्यम से इस समस्या को हल करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसमें विनियमन, प्रबंधन के एक उपकरण के रूप में मूल्य निर्धारण, नई तकनीक और सड़क से इतर (ऑफ-स्ट्रीट) पार्किंग प्रावधानों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।**

पार्किंग समस्या के समाधान के लिए एक व्यापक रणनीति की आवश्यकता है जिसमें पर्याप्त पार्किंग अवसंरचना का विकास, स्मार्ट पार्किंग प्रौद्योगिकियों को अपनाना और पार्किंग विनियमों का प्रवर्तन शामिल हो। उदाहरण के लिए, पार्किंग क्षेत्रों को परिभाषित करना और वाहन पहचान सेंसर और स्वचालित लाइसेंस प्लेट पहचान जैसी तकनीक का उपयोग करके पार्किंग प्रबंधन को सुव्यवस्थित किया जा सकता है। इसके अलावा, भूमि मूल्य और भीड़भाड़ के आधार पर पार्किंग शुल्क को समायोजित करके भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अनावश्यक वाहन उपयोग को हतोत्साहित किया जा सकता है। बुनियादी ढांचे के समाधान के अलावा, सार्वजनिक परिवहन और टिकाऊ शहरी गतिशीलता प्रथाओं को बढ़ावा देने से पार्किंग दबाव कम हो सकता है। सार्वजनिक परिवहन, साइकिल और पैदल चलने के उपयोग को प्रोत्साहित करने से निजी वाहनों पर निर्भरता कम हो सकती है, जिससे पार्किंग स्थलों की मांग कम हो सकती है।

यह जरूरी नहीं है कि अच्छा सार्वजनिक परिवहन यातायात की भीड़ को काफी कम कर दे। भीड़भाड़ की स्थिति में सुधार करने के लिए, शहरों को निजी कारों के स्वामित्व और उपयोग के कार्यात्मक, मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक मूल्यों को लक्षित करने वाली गतिविधियों के साथ ही अपनी सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों को बेहतर बनाने के प्रयासों को मिलाकर काम करना होगा। भारत में वाहन पार्किंग की समस्या एक जटिल मुद्दा है जिसके लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें शहरी नियोजन, नीति सुधार, तकनीकी नवाचार और सांस्कृतिक परिवर्तन शामिल हैं। इस चुनौती से सीधे निपटकर, भारत अपनी शहरी गतिशीलता को बढ़ा सकता है, अपने नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकता है और टिकाऊ शहरी विकास के लिए एक मिसाल कायम कर सकता है। आगे का रास्ता सरकार, निजी क्षेत्र और जनता के बीच बेहतर शहरी स्थानों की पुनर्कल्पना और पुनर्निर्माण के लिए सहयोगात्मक प्रयासों में निहित है।

# विपक्ष संभल पर आक्रमक तो बांग्लादेश पर खामोश क्यों



-संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश के जिला संभल में जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसकी आहट सुप्रीम अदालत से नेताओं के विवादित बयानों से लेकर राजनैतिक गलियारों तक में सुनाई दे रही है। बीजेपी को छोड़कर सभी राजनैतिक दलों के नेता जामा मस्जिद और पत्थरबाजों के पैरोकार बनकर खड़े हो गये हैं। हाथ में पत्थर और तमंचे लेकर पुलिस पर हमला करने वालों के पक्ष में खड़े यह नेता लगातार योगी सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ हमलावर हैं। सभी दलों के नेताओं ने संभल को अपना पिकनिक स्पाट बना लिया है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी हों या फिर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव जैसे तमाम नेता कभी संभल कूच करने का नाटक करते हैं तो कभी अफवाह फैलाकर माहौल खराब कर रहे हैं। संभल के बिगड़े हालात को संभालने के लिये स्थानीय प्रशासन ने 10 दिसंबर तक जिले में बाहरी लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंद्ध लगा रखा है,लेकिन बीजेपी विरोधी नेताओं को जिले में शांति बरकरार हो इससे ज्यादा चिंता अपनी राजनीति चमकाने की है। इस समय संभल में सियासी नजरा ठीक वैसे ही नजर आ रहा है जैसा कभी अयोध्या प्रभु श्रीराम लला के मंदिर निर्माण आंदोलन, मथुरा में श्री कृष्ण भगवान की जन्म स्थली एवं वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद बनाम साक्षात विश्वनाथ मंदिर मामले में देखने को मिला था और मिल रहा है। संभल विवाद और इसको लेकर हिंसा का मामला लोकसभा तक में गूंज चुका है। कुल मिलाकर संभल विवाद के सहारे सपा प्रमुख अखिलेश यादव,कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अलावा ओवैसी जैसे नेता भी अपनी सियासत चमकाने में लगे हैं। मगर अफसोस की बात यह है कि संभल मामले में मोदी-योगी सरकार को घेरने में लगे दल और नेता बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ जारी हिंसा को लेकर अपने होंठ सिले हुए हैं,मानो यदि इन नेताओं ने बांग्लादेश के हिन्दुओं के पक्ष में कोई बयान दे दिया तो उनका मुस्लिम वोट बैंक उनसे खिसक जायेगा। हां, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जरूर बांग्लादेशी हिन्दुओं के प्रति खुल कर बोल रही हैं। ममता ने मोदी सरकार से सख्त कदम उठाने की भी बात कही है। वहीं बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा और इस्कॉन से जुड़े संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार 02 दिसंबर को बंगाल में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में हिंदू संगठनों के कार्यकताओं, आम लोगों, भिक्षुओं ने आंदोलन किया। इन लोगों ने बांग्लादेश की सीमा पर पहुंचकर तमाम ट्रकों को रोके रखा, जो माल लेकर जा रहे थे। इसके चलते लगभग पूरे दिन ही बांग्लादेश के साथ कारोबार प्रभावित रहा। हजारों लोगों ने चिन्मय कृष्ण दास की बिना शर्त रिहाई की मांग को लेकर भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा के पेट्रोपोल पर 24 घंटे के लिए मालवाहक वाहनों को रोके रखा।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक बांग्लादेश सरकार हिंदुओं और उनके मंदिरों पर हमले रोकने के लिए कार्रवाई नहीं करती तथा श्री दास को रिहा नहीं करती, तब तक पेट्रापोल सीमा पर आंदोलन जारी रहेगा। अखिल भारतीय संत समिति के बंगाल चौप्टर के अध्यक्ष स्वामी परमात्मानंद ने भी कहा कि जब तक बंगलादेश की पुलिस हिंदुओं और मंदिरों पर हो रहे हमले को रोकने के लिए कार्रवाई नहीं करती, तब तक पेट्रापोल सीमा पर उनका आंदोलन जारी रहेगा। आश्चर्य तो इस बात का भी जो विदेशी एजेंसियां हिन्दुस्तान में मुसलमानों पर अत्याचार के मनगढ़त मामले बनाकर हो हल्ला मचाते हैं,उन्हें बंग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रहा खून खराब नहीं दिख रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा के मामले में मोदी सरकार ने जरूर चिंता जताई है और बांग्लादेश सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने की मांग की है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद में कहा था कि केंद्र सरकार ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करना बांग्लादेश सरकार की जिम्मेदारी है। इसके अलावा, भारत ने बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हमलों के मुद्दे को लगातार उठाने की मांग की है.

अच्छी बात यह है कि भले ही देश के नेता बांग्लादेशी हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार से दूरी बनाकर चल रहे हों लेकिन बंग्लादेश की अपदस्थ की गई पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना लगातार बांग्लादेश में हिन्दुओं पर किये जा रहे अत्याचार के खिलाफ मुखर हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ हिंसा का दौर जारी है। दुनिया भर में कृष्ण भक्ति का प्रचार-प्रसार करने वाली संस्था आइसकौन से जुड़े संत चिन्मय कृष्णदास को जेल भेजा गया है। उन पर हिंसा भड़काने के आरोप लगाए गए हैं। इसके खिलाफ भी बांग्लादेश में हिंदुओं के बीच गुस्सा है। इस बीच पूर्व पीएम शेख हसीना ने आरोप लगाया है कि बांग्लादेश में हिन्दुओं केहे नरसंहार के जिम्मेदार अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस हैं। शेख हसीना ने तो मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा का मास्टरमाइंड बताया है।

शेख हसीना ने अवामी लीग के एक कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि मंदिरों, चर्चों पर हमले के पीछे मोहम्मद यूनुस का हाथ है। वह इन घटनाओं के पीछे मास्टरमाइंड की तरह काम कर रहे हैं। 5 अगस्त को तख्तापलट के बाद भारत आईं शेख हसीना ने कहा कि आज मेरे ऊपर आरोप लगाए जाते हैं कि मैंने नरसंहार कराया है। लेकिन असलियत यह है कि मोहम्मद यूनुस ऐसा कर रहे हैं। वह पूरे डिजाइन के साथ काम कर रहे हैं। छात्र संगठनों के नाम पर वह सत्ता में हैं और अब अल्पसंख्यकों की हत्याएं कराई जा रही हैं। वह इसके मास्टरमाइंड हैं। यहां तक कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के लीडर तारिक रहमान भी कह चुके हैं कि हत्याएं जारी रहीं तो सरकार नहीं चलेगी। बता दें कि तारिक रहमान बांग्लादेश नेशनल पार्टी की नेता बेगम खालिदा जिया के बेटे हैं। बांग्लादेश में जब तक शेख हसीन की सरकार रही तब तक बंग्लादेश और भारत के संबंध काफी अच्छे थे। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनने के बाद से पाकिस्तान की ओर झुकाव बढ़ा है। बंग बंधु मीजबुर रहमान की प्रतिमा पर हमला हुआ था और उनकी तस्वीरों को दफ्तरों से हटाया गया है। यही नहीं बांग्लादेश निर्माण के नायकों से जुड़े दिनों पर छुट्टियों को भी रद्द किया गया है। हिंदुओं पर भी यह कहते हुए हमले हो रहे हैं कि ये शेख हसीना की सरकार के समर्थक थे। कई बड़ी हिंदू हस्तियों के घरों और आराधनों स्थलों तक पर अटैक की घटनाएं हुई हैं। दरअसल, बांग्लादेश में जहां सन् 1947 तक 40 फीसद से कहीं अधिक हिंदू जनसंख्या निवास कर रही थी। यहां के सभी 65 जिलों में हिन्दू आबादी निवास करती है। इन कारणों का विचार करें तो वर्तमान का बांग्लादेश जिस भूमि पर अवस्थित है वो अतीत के कई भारतीय रजवाड़ों की भूमि से मिलकर बना है। इससे असम के अहोम, मेघालय के जयंतिया और त्रिपुरा के त्रिपुरी हिंदू राजशाही का भी कुछ हिस्सा रहा है।

खैर जामा मस्जिद या हरिहर मंदिर विवाद के मामले में गैर बीजेपी दलों के नेता जिस तरह से जमीन आसमान एक किये हुए हैं,उसकी तह में जाया जाये तो जो हकीकत सामने आती है उसके अनुसार मुरादाबाद गजेटियर 1968 के प्रकाशन में हरिहर मंदिर का निर्माण पृथ्वीराज चौहान के द्वारा करवाया गया था जिसे बाद में मुगल शासकों द्वारा तोड़ दिया गया था। गजेटियर में लिखा गया है कि जामा मस्जिद का भवन हिंदू मंदिर जैसा है। दावा किया गया है कि प्राचीन टीले पर बना भवन, जो कि बाबर मस्जिद के नाम से जाना जाता है वह हरिहर मंदिर हो सकता है। आईने अकबरी में भी विष्णु मंदिर होने का जिक्र है। मौजूदा समय में इस भवन को बाबर मस्जिद कहा जाता है। साथ ही लिखा गया है कि मस्जिद का प्रारूप हिंदू मंदिर जैसा है. गजेटियर के मुताबिक भवन तक पहुंचने के लिए 55 सीढ़ियां है. वहां एक बड़ा टैंक एवं प्रवेश द्वार पर कुआं है। भवन में मौजूद फारसी अभिलेख को मुरादाबाद गजेटियर में संदेहास्पद बताया गया है, जिसके मुताबिक इसका निर्माण 1526 में हिंदू बेग द्वारा बाबर के आदेश पर करवाया गया था। हालांकि विवाद सामने आने के बाद कई तरह के दावे सामने आ रहे हैं। लब्बोलुआब यह है कि न जाने हमारे देश के नेता कौन सा चश्मा लगाते हैं जिसकी वजह से उन्हें दुनिया के किसी भी कोने में मुस्लिमों के साथ होने वाला कथित अन्याय तो दिखता है,लेकिन देश-दुनिया में हिन्दुओं के साथ होने वाली हिंसा नजर नहीं आती है।

# उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए संतोष आरएन सिंह को मिलेगा सरयू रत्न सम्मान



मुंबई (उत्तरशक्ति)। सरयू अमृत महोत्सव आयोजन समिति, चिल्लूपार द्वारा इस वर्ष होने वाले महोत्सव में उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष तथा युवा समाजसेवी संतोष आरएन सिंह को समाज सेवा के क्षेत्र में अप्रतिम और प्रेरणादायक कार्य के लिए सरयू रत्न सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष तथा चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी द्वारा संतोष सिंह को भेजे गए पत्र में उपरोक्त जानकारी दी गई है। भगवान श्री राम और परशुराम के मिलन स्थल के रूप में जग प्रसिद्ध चिल्लूपार के सरयू तट पर प्रतिवर्ष होने वाले महोत्सव में शिक्षा, साहित्य, चिकित्सा, समाज सेवा,पर्यावरण, उद्यम, लोककला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में रचनात्मक काम करने वाले देश के विशिष्ट लोगों का चयन कर सम्मानित किया जाता है। मुंबई के साथ-साथ अपने पैतृक गांव भरौली में शिक्षा, चिकित्सा तथा रोजगार की दिशा में संतोष सिंह द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखते हुए 22 दिसंबर को पंडित टी एन मिश्र ( भटनीपार) की स्मृति में, उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि संतोष सिंह द्वारा अपने पिता स्वर्गीय आरएन सिंह की स्मृति में भरौली में खोले गए डायलिसिस सेंटर में मात्र एक रुपए में डायलिसिस की जा रही है, जिसमें अब तक हजारों मरीज लाभ उठा चुके हैं।

# मनोज बारोट ने नरेंद्र सोनी को बनाया जिलासह संयोजक



वसई (उत्तरशक्ति)। वसई विरार जिला उपाध्यक्ष मनोज बारोट ने वसई विरार जिला शहर सह प्रसिद्धि प्रमुख पद पर नियुक्त जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटील की अनुमति से किया गया। आगामी आने वाले महानगर पालिका के चुनाव को ध्यान में रख कर जिला में मीडिया का विस्तार बढ़ाने हेतु अध्यक्ष महेंद्र पाटील ने नियुक्ति पत्र दिलवाया। इस अवसर पर नरेंद्र सोनी ने मनोज बारोट जिला प्रसिद्धि प्रमुख के साथ काम करके उनके कार्य भार बढ़ने से उनको आगामी कार्यकाल में मददगार होगे। नियुक्ति की जानकारी मिलने से पदाधिकारी, कार्यकर्ता, प्रशंसक में खुशी की लहर दौड़ गई और शुभ चिंतक शुभ कामना देने लगे। नरेंद्र सोनी ने और काम तेजी से करने का वादा जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटील और उपाध्यक्ष मनोज बारोट को दिया।

# भू माफिया और ठेकेदारों में मची खलबली



मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)। काशीमीरा अवैध कब्जा वो बांधकाम पर वार्ड अधिकारी ने सख्त रवैया अपनाया है। अवैध निर्माण बरदास्त नही किया जाएगा। जहां पर नियम अनुसार कार्रवाई होगी। सहआयुक्त श्रीमती कांचन गायकवाड प्रभाग क्रमांक 6 में शिवार गार्डन के सामने बाम्बू और ताल पत्री के सहायता से बने हुए अवैध सेड पर मनपा द्वारा तोड़क कारवाई किया गया। इसके अलावा सिल्वर पार्क, जहांगीर काम्पलेक्स, काशीमीरा हाईवे पाटा पर अवैध बांध काम किया गया था। जिसको प्रभाग क्रमांक 6 के सहआयुक्त के निर्देश पर इंजीनियर रोहन साबले, इंजीनियर अजीत पेंडारे की उपस्थित में एमएसएफ के जवानो की मदद से मनपा अधिकारियों द्वारा तोड़क करवाई किया गया।

# इस बदलते मौसम में कैलिफोर्निया आमंड्स के साथ बनाइये अपनी इम्युनिटी को मजबूत

मुंबई/पटना। मौसम में बदलाव के साथ इम्युनिटी अक्सर कमजोर हो जाती है और इसे मजबूत करने के लिये प्राकृतिक तरीके अपनाना जरूरी हो जाता है। न्यूट्रीशनिस्ट ॠतिका समद्दर आपके रोजाना के रूटीन में पोषक-तत्वों से भरपूर चीजें शामिल करने की सलाह दे रही हैं, ताकि आपकी इम्युनिटी असरदार तरीके से बढ़ सके। ऐसा ही एक सुपरफूड है कैलिफोर्निया आमंड्स, जिनमें 15 जरूरी पोषक-तत्व होते हैं। बादाम के कई तरह से उपयोग किया जा सकता है और इसे खाकर पेट भरे होने का अहसास होता है। यह किसी भी व्यंजन, स्नैक या आहार में आसानी से मिल जाती हैं और पोषण का पावरहाउस बन जाती हैं। कैलिफोर्निया आमंड्स में प्रोटीन, फाइबर और हेल्थी फैट्स जैसे पोषक-तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं, जो उन्हें रोजाना के संतुलित आहार में शामिल करने के लिये बेहतरीन बनाते हैं। सेहत को उनसे मिलने वाले लाभों के बारे में व्यापक जानकारी है। फूड सेफ्टी एण्ड स्टैण्डर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) बादाम को प्राकृतिक रूप से इम्युनिटी बढ़ाने के लिये डाइट में आवश्यक रूप से शामिल करने पर जोर देती है। इसके अलावा, इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) डाइटरी गाइडलाइंस फॉर इंडियन्स बादाम को एक पोषक नट मानती हैं, जिन्हें अच्छी सेहत के लिये रोजाना खाया जा सकता है।

# चिकित्सा के अभाव में आदिवासी महिला पिंकी डोंगरकर की हुई मौत

## शिवसेना जिला प्रमुख कुंदन संखे ने की मृतक के परिजनों की मदत



पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)। पालघर जिले के दहानू तालुका के सारणी गांव की रहने वाली गर्भवती महिला पिंकी डोंगरकर की उचित इलाज के अभाव में मौत हो गई। जिसकी जानकारी मिलते ही शिवसेना शिंदे गुट के पालघर जिला प्रमुख कुंदन संखे ने मृतक आश्रितों से मुलाकात कर उन्हें तत्काल सहायता प्रदान की। शिवसेना शिंदे गुट के पालघर जिला प्रमुख कुंदन संखे के द्वारा जानकारी लेने पर जिला शल्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मराड ने कहा कि पिंकी डोंगरकर की जांच के बाद उसका इलाज कासा जिला उप अस्पताल में किया जा रहा था, लेकिन उसकी हालत बहुत गंभीर थी, इसलिए उसे आगे के इलाज के लिए वापी भेजा गया था। शिवसेना जिला प्रमुख कुंदन संखे बोलते हुए कहा कि पालघर जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जहां जिला अस्पताल का कार्य प्रगति पर है, वहीं हमारी आदिवासी बहन की उचित इलाज के बिना हुई मौत के गंभीर मामले और संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए मैंने आज सारणी स्थित उनके घर का दौरा किया और मृतक आश्रितों को पूरी तरह से आश्वासन दिया कि इस मामले में मैं और शिवसेना उनके साथ हैं। साथ ही जिला शल्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मराड से संपर्क कर इस संबंध में कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। मैं अपनी बहन दिवंगत पिंकी डोंगरकर की मृत्यु से व्यक्तिगत रूप से दुःखी हूं। और महाराष्ट्र के शिवसेना प्रमुख व संवेदनशील नेता एकनाथ शिंदे हमेशा महिलाओं के प्रति बहुत संवेदनशील रहे हैं। इसलिए उन्होंने भी आश्वासन दिया है कि वह पूरी तरह से डोंगरकर परिवार के साथ हैं तथा उन्होंने मृतक के बच्चों की शिक्षा पूरी करने के लिए हर संभव मदद करने का भरोसा दिया हैं। शिवसेवा पालघर जिला प्रमुख कुंदन संखे ने कहा कि पालघर जिले में किसी भी स्थिति में हम हमेशा राजनीति से परे संवेदनशील रहने का प्रयास करेंगे।

# स्नेहा दुबे ने राम नाईक से मुलाकात कर लिया आशीर्वाद



वसई (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री राम नाईक के मुंबई स्थित आवास पर वसई विधानसभा निर्वाचित आमदार स्नेहा दुबे पंडित ने शुभेच्छा मुलाकात कीया।

वसई विधानसभा चुनाव में उनके समर्थन के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने वसई विधानसभा में विधायक नियुक्त होने पर स्नेहा दुबे को बधाई दीया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर राम नाईक ने अपना मार्गदर्शन प्रदान किया और उन्हें नए जोश के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। स्नेहा दुबे ने कहा कि आपका विश्वास और समर्थन ही मेरे हर कदम को मजबूत बनायेगा। अगले चरण में भी हमें आपका मार्गदर्शन और आशीर्वाद मिलता रहे।

# महाराष्ट्र के विकास का नया इतिहास लिखेंगे देवेंद्र फडणवीसः कृपाशंकर सिंह



मुंबई (उत्तरशक्ति)। महाराष्ट्र में एक लंबी सियासी उठापटक के बाद आखिरकार बीजेपी ने अगले मुख्यमंत्री पर मुहर लगा दी है, और देवेंद्र फडणवीस को एक बार फिर राज्य का मुख्यमंत्री बनाया गया है. बीजेपी विधायक दल की मीटिंग में उनके नाम पर मुहर लगाई गई। फडणवीस के नाम की घोषणा होते ही उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री तथा उनके बहुत ही करीबी मित्र कृपाशंकर सिंह ने सबसे पहले उनके घर पहुंच कर उन्हें बधाई दी। कृपाशंकर सिंह ने कहा कि महाराष्ट्र एक बार फिर दुगनी गति के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की जनता के साथ-साथ पार्टी के सभी कार्यकताओं में जोश और उत्साह दिखाई दे रहा है। विधानसभा चुनाव में भाजपा का खुलकर और संगठित रूप से समर्थन देने वाले उत्तर भारतीय समाज की तरफ से भी उन्होंने देवेंद्र फडणवीस को बधाई दी।

# भाजपा जिला अध्यक्ष भरत राजपूत को विधान परिषद सदस्य बनाया जाये : मोईज शेख



पालघर(उत्तरशक्ति)। पिछले कुछ महीने पहले संपन्न हुए लोकसभा चुनाव तथा हाल ही संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा जिला अध्यक्ष भरत राजपूत की कुशल रणनीति की वजह से लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हेमंत विष्णु सावरा प्रचंड मतों से विजयी घोषित हुए। वहीं हाल ही विधानसभा चुनाव में पालक मंत्री रवींद्र चव्हाण के कुशल मार्गदर्शन तथा जिला अध्यक्ष भरत राजपूत के नेतृत्व में पालघर जिले के चार विधानसभा में से तीन पर विजयश्री प्राप्त करने में कामयाबी मिली। इसलिए अब भाजपा कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष भरत राजपूत को विधान परिषद सदस्य (एम.एल.सी.) बनाने की मांग की है। वहीं भाजपा कार्यकर्ता मोईज शेख ने भरत राजपूत के जन्मदिन के मौके पर रामवाड़ी, दहानू में कार्यकताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए जल्द से जल्द भाजपा जिला अध्यक्ष भरत राजपूत को विधान परिषद सदस्य बनाने की मांग की।

बतादें कि दहानू शहर के लोगों द्वारा नियुक्त मेयर का पुरस्कार उनके नाम पर दर्ज किया गया है। यह उनके करियर का एक महत्वपूर्ण मोड़ था। यहीं से उनका राजनीतिक कैरियर जोरदार तरीके से आगे बढ़ता गया। बाद में, उन्होंने कोंकण डिवीजन के मंडल उपाध्यक्ष, दहानू के प्रतिष्ठित जनता बैंक के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर काम किया। वह जिले में सभी आम लोगों को आगे बढ़ाने और सौभाग्य से या दुर्भाग्य से, दहानू के गरीबों का समर्थन करने के लिए जाने जाते हैं विधानसभा सीट आरक्षित सीट है इसलिए डहाणू का विकास अपेक्षित नहीं हुआ है, यह सच है। भरत राजपूत ने खुद को एक व्यापक विचारक, युवा विचारक और साहसी नेता के रूप में स्थापित किया है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि दहानु पालघर की सर्वांगीण प्रगति निश्चित होगी यदि उनके राजनीतिक कैरियर के शिखर पर विधान परिषद सदस्य बनने सम्मान मिलता है। जो पुराने लोग जानते हैं कि यदि भरत राजपूत को तुरंत इस क्षेत्र से एमएलसी दे दी जाए तो इस पालघर क्षेत्र का, जिले का विकास हो सकता है और इस क्षेत्र में विकास का चक्र तेजी से घूमेगा, वे लोग अब निजी तौर पर बात कर रहे हैं। कुछ लोग खुलकर बोलने लगे हैं। उनके जन्मदिन समारोह में जिले भर से सैकड़ों भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब ऑफ मुंबई घाटकोपर आयोजित मानसिक स्वास्थ्य वॉकथॉन को मिला प्रतिसाद



मुंबई (उत्तरशक्ति)। रोटरी क्लब ऑफ मुंबई घाटकोपर, जो रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3141 का हिस्सा है, ने मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर आम जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए एक वॉकथॉन का आयोजन किया था। उद्देश्य यह है कि किसी को अवसाद, तनाव, लत, चिड़चिड़ापन, आत्मघाती विचार, चिंता, घबराहट के दौरे आदि जैसी पुरानी समस्याओं के लिए मनोचिकित्सक या मनोवैज्ञानिक से समय पर मदद लेने में संकोच नहीं करना चाहिए। रैली घाटकोपर के पंत नगर से शुरू हुई। रोटरी मुंबई जिले के जिला गवर्नर श्री चेतन देसाई द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और विद्याविहार पूर्व, राजावाड़ी में रोटरी सर्विस सेंटर पर समाप्त हुआ। यह घाटकोपर पूर्व के अधिकांश इलाकों से होकर गुजरा। शुरूआत में संगीत बैंड था जिसने राहगीरों और निवासियों का भी ध्यान आकर्षित किया। रैली में भाग लेने वालों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर महत्वपूर्ण नारे और संदेश वाले पीएलए कार्ड और बैनर पकड़े देखा गया ' वॉकथॉन में लगभग 200 रोटेरियन, रोटरेक्टर, जनता के सदस्य, बॉम्बे मनोचिकित्सक सोसायटी और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने भाग लिया। रोटरी सर्विस सेंटर में, प्रश्नोत्तरी सत्र के साथ एक पैनल चर्चा हुई और 3 रोगियों की वास्तविक जीवन की कहानी बताई गई, जो मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों से मदद मांगने के बाद ठीक हो गए थे। पूरा कार्यक्रम एवेन्यू चेयर डॉ. नीलम गडा के नेतृत्व में आयोजित किया गया था, जिन्हें रोटेरियन योगेश झवेरी, वीरेन गोहिल और अध्यक्ष कमलेश गांधी और रोटरी क्लब ऑफ घाटकोपर के अन्य सदस्यों का भरपूर सहयोग मिला।

# वसई विरार भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



वसई रोड (उत्तरशक्ति)। भाजपा वसई विरार जिला कार्यकारिणी की बैठक रीजेंसी हॉल नालासोपारा में वसई विरार जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी आगामी कार्यकाल के दौरान वसई विरार नगर निगम और अन्य स्थानीय चुनाव बड़ी मजबूती से लड़ने पर विचार विमर्श किया। उस संबंध में अभी से तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

इस बैठक में नालासोपारा विधानसभा नवनिर्वाचित विधायक राजन नायक, वसई विधानसभा नवनिर्वाचित विधायक स्नेहा दुबे पंडित का स्वागत किया गया। संगठन पर्व प्रदेश सह संयोजक विधायक नरेंद्र पवार, पालघर लोकसभा प्रभारी रानीताई द्विवेदी, प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. हेमंत म्हात्रे, जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटिल, वसई विधानसभा प्रमुख मनोज पाटिल, जिला उपाध्यक्ष मनोज बारोट, युवा मोर्चा महामंत्री अभय कक्कड़, माजी नगर सेवक किरण भोयेर, केरल प्रकोष्ठ उत्तम कुमार, वसई मंडल अध्यक्ष महेश सरबनकर, सोशल मीडिया अध्यक्ष केतन गांधी, महिला मोर्चा अध्यक्ष कंचन झा, अपर्णा पाटिल, प्रज्ञा पाटिल, संध्या दुबे, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला अध्यक्ष सोनी अरोरा, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरार मीरा रावल एवं सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अंधेरी में मुरजी पटेल का भव्य विजयोत्सव समारोह संपन्न



मुंबई (उत्तरशक्ति)। अंधेरी पूर्व विधानसभा क्षेत्र से शिवसेना महायुति के विजयी उम्मीदवार मुरजी पटेल का भव्य विजयोत्सव समारोह अंधेरी पूर्व के होली फैमिली ग्राउंड में आयोजित किया गया। मुंबई भाजपा अध्यक्ष एडवोकेट आशीष शेलार, शिव सेना नेता विधायक उदय सामंत, शिव सेना नेता विजय शिवतारे और वाराणसी से विधायक सुशील सिंह, मंडल अध्यक्ष अशोक पांडे, पूर्व नगरसेवक अभिजीत सामंत, पंकज यादव और महायुति के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर मुरजी पटेल ने कहा कि 'महायुति का जल्लोष विजय का कार्यक्रम मेरे लिए सिर्फ एक समारोह नहीं था बल्कि अंधेरी के लोगों के प्यार, विश्वास और समर्थन के साथ एक अविस्मरणीय अनुभव था। अंधेरीकर द्वारा दिखाए गए अपार प्रेम और विश्वास से मिली जीत सिर्फ मेरी नहीं बल्कि हम सभी की जीत है। हजारों अंधेरीकर भाइयों के साथ इस जीत का जश्न मनाकर मेरा दिल कृतज्ञता से भर गया। आप सभी के योगदान से यह संभव हुआ । चुनाव के दौरान मेरे साथ अथक परिश्रम करने वाले कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण हमेशा प्रेरणा देती रहेगी। यह जीत हमारे लिए एक नई शुरूआत है।. इस बीच विधायक मुरजी पटेल का विजय समारोह और भी रंगीन रहा।.. इस समारोह में जीत का जश्न मनाते हुए पटेल और गणमान्य लोगों पर फूलों की वर्षा की गई। इस समारोह में हजारों नागरिकों और महायुति के शिवसैनिक, भाजपा,आर पी आई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जिप इलेक्ट्रिक ने की 20.5 मिलियन उत्सर्जन-मुक्त डिलीवरी




मुंबई (उत्तरशक्ति)। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने वाले प्रमुख प्लेटफॉर्म जिप इलेक्ट्रिक ने लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने 20.5 मिलियन से ज्यादा उत्सर्जन-मुक्त डिलीवरी सफलतापूर्वक पूरी की हैं। यह उपलब्धि जिप के उस मिशन को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य डिलीवरी प्रक्रियाओं में कार्बन उत्सर्जन को कम करना और ईको-फ्रेंडली लॉजिस्टिक्स में नया मानक स्थापित करना है। जिप, दिल्ली-एनसीआर में होने वाले कुल क्विक कॉमर्स ऑर्डर्स का 15-20% डिलीवर करता है। यह क्षेत्र, जो किराना और रोजाना इस्तेमाल की वस्तुओं की तेज डिलीवरी पर केंद्रित है, भारत में तेजी से बढ़ रहा है। इसका मूल्य वर्तमान में 60 से 70 बिलियन डॉलर के बीच आंका गया है और 2030 तक इसके 25 से 55 बिलियन डॉलर के बीच पहुंचने का अनुमान है। जिप इलेक्ट्रिक के को-फाउंडर और सीईओ आकाश गुप्ता ने कहा, ह्लमुझे वो दिन याद है जब हमने जेप्टो, ब्लिंकिट, बीबी नाउ और स्विगी इंस्टामार्ट जैसे शानदार क्विक कॉमर्स पार्टनर्स के साथ पहली बार बातचीत की थी। हमें भरोसा था कि यह क्षेत्र डिलीवरी के तरीके को बदलकर रख देगा। आज की यह उपलब्धि सिर्फ एक संख्या नहीं है; यह क्विक कॉमर्स में स्थिरता और नवाचार की हमारी यात्रा का प्रतीक है। जिप इलेक्ट्रिक में, हम मानते हैं कि ई-कॉमर्स का भविष्य तेज और टिकाऊ लॉजिस्टिक्स में है। हमारी साझेदारियों ने यह साबित कर दिया है कि तेज डिलीवरी और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी एक साथ चल सकती हैं। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमारा लक्ष्य भारत में इलेक्ट्रिक डिलीवरी को एक नया मानक बनाना है। इस खास मौके पर, मैं अपनी टीम के साथ 21वीं मिलियन डिलीवरी की सफलता का जश्न मनाने और इसे व्यक्तिगत रूप से डिलीवर करने के लिए बेहद उत्साहित हूं।

जिप इलेक्ट्रिक जैसी कंपनियां क्विक कॉमर्स के विस्तार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ये नए डिलीवरी पार्टनर्स को जोड़ने के साथ ही व्यवसायों के लिए डिलीवरी में सुधार कर रही हैं। जिप का ध्यान गुणवत्ता, समयबद्धता और कार्बन मुक्त डिलीवरी सुनिश्चित करने पर है, जिससे व्यवसायों को ग्राहकों तक पर्यावरण-अनुकूल और भरोसेमंद सेवाएं प्रदान करने में मदद मिल रही है। जिप इलेक्ट्रिक ने जेप्टो, ब्लिंकिट, बिग बास्केट नाउ और इंस्टामार्ट जैसे बड़े क्विक कॉमर्स ब्रांड्स के साथ साझेदारी कर पर्यावरण के लिए बड़ा योगदान दिया है। इन साझेदारियों के जरिए कंपनी ने 2.5 मिलियन किलोग्राम से अधिक कार्बन उत्सर्जन कम किया है। जेप्टो के साथ काम करते हुए, जिप ने 10.4 मिलियन डिलीवरी पूरी कीं, जिससे 11.95 लाख किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन घटा। ब्लिंकिट के लिए 7.19 मिलियन डिलीवरी की गईं, जिससे 8.29 लाख किलोग्राम कार्बन कम हुआ। इसी तरह, बिग बास्केट नाउ ने 2.76 मिलियन डिलीवरी के जरिए 4.22 लाख किलोग्राम कार्बन बचाया। हाल ही में जुड़े इंस्टामार्ट ने भी 2.15 लाख डिलीवरी पूरी कीं और 72,251 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन में कटौती की।

**उत्तरशक्ति**

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

**पत्राचार कार्यालय :**
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

